आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण आज आयोजित– प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा से पहले तनाव कम करने के टिप्स बच्चों के साथ साझा किए।
- द्वीपसमूह से कक्षा बारहवीं की छात्रा अक्षरा जे नायर ने प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव से निपटने के बारे में अपना प्रश्न पूछा।
- दक्षिण अंडमान के रटलैंड में प्रजनन और बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन– क्षेत्र में अनिमिया के कई मामले सामने आए।
- श्री विजयपुरम में क्यारी की ओर से मसालों की नर्सरी तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा से पहले तनाव कम करने और परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के टिप्स बच्चों के साथ साझा किए। इसमें केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसे सरकारी स्कूलों के छात्र शामिल थे। प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान स्कूली बच्चों को नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। उन्होंने बच्चों को गंभीर मुद्दों को बड़ी सरलता और सहजता से समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लीडर के लिए टीम वर्क सीखना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि "अपने मन को स्थिर रखना है। अगर आप अपने मन को स्थिर रखेंगे, तो निश्चित तौर पर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।" प्रधानमंत्री ने बच्चों को परीक्षाओं के दौरान अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान देने को कहा।

द्वीपसमूह से पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पबेल बे, की कक्षा बारहवीं की छात्रा अक्षरा जे नायर ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव से निपटने के बारे में अपना प्रश्न पूछा। प्रधानमंत्री ने उनकी बातचीत की सराहना की।

परीक्षा पे चर्चा के सजीव प्रसारण के लिए श्री विजयपुरम के डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इसमें छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों सहित तीन सौ से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। श्री विजयपुरम के अलावा द्वीपसमूह के सभी विद्यालयों में इसके प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने अनिम्स के सहयोग से हाल ही में लघु प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मंगलुटान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत रट लैंड में ग्रामीणों को विशेषज्ञों की विशेष सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें संयुक्त सचिव डॉ. संजीव चंद, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. बिबिन जॉर्ज, ऑर्थो सर्जन डॉ. कृष्ण राज, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रीमा डाकुआ, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजू, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सत्तियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शेबिन और डॉ. एनी दास ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में डॉ. शालिनी लाल और डॉ. वंदना कुमारी सिंह ने आयोडीन की कमी एवं आयरन की कमी से होने वाले विकारों के बारे में जानकारी दी। डॉ. बिबिन जॉर्ज ने अत्यधिक तेल सेवन, मोटापे और हृदय संबंधी बीमारियों के स्वास्थ्य जोखिम के बारे में बताया। बच्चों का श्रवण परीक्षण भी किया गया। सभी प्रतिभागियों की हीमोग्लोबिन और रक्त शुगर की जांच की गई। कुल मिलाकर एक सौ दस से अधिक मरीजों ने इस शिविर से लाभ उठाया। आर सी एच के संयुक्त सचिव डॉ. अविजित रॉय ने आकाशवाणी के साथ बातचीत में बताया कि रटलैंड क्षेत्र में अनिमिया के कई मामले सामने आए हैं।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से "बागवानी फसलों –मसालों की नर्सरी तकनीकों पर प्रशिक्षण" पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का लाभ उठाने का अनुरोध किया। निदेशक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कृषि विभागों और किसानों की बेहतर संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को संस्थान की बागवानी पौध प्रसार इकाई में ले जाया गया, जहां उन्हें पौध उत्पादन के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के पॉलीहाउस, शेड नेट हाउस और पॉली

टनल के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तीनों जिलों के विभाग के अट्ठारह फार्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल अट्ठाईस प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**<><><><><><><>**

उद्योग निदेशालय की ओर से विभाग के हस्तशिल्प उत्पादों को दर्शाने के लिए लोगो, नारा और प्रचार वीडियो क्लिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को विभाग के तत्वावधान में हस्तशिल्प उत्पादों को दर्शाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार सामग्री बनाने के लिए अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में छात्र एवं पेशेवर वर्ग के सभी प्रतिभाशाली डिजाइनरों, कलाकारों और सोशल मीडिया कन्टेंट क्रिएटर्स, जिनमें स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञापन और मीडिया जैसे क्षेत्र के उद्यमी शामिल हैं। प्रतियोगिता श्रेणियों, प्रतिभागियों, नियमों और विनियमों आदि का विवरण उद्योग विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

**<><><><><><><>**

लैंडफॉल द्वीप में अवैध घुसपैठ गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए पांच म्यांमारी नागरिकों के साथ दो डिंगी को ज़ब्त किया गया। इस कार्रवाई में मध्योत्तर अंडमान ज़िला और अंडमान निकोबार कमान, एल ओ पी ईस्ट आइलैंड, आई आर बी एन, डिगलीपुर थाना, भारतीय तटरक्षक और वन कर्मी शामिल थे। अभियान के दौरान, एक म्यांमारी इंजन डिंगी को द्वीप समूह के सबसे उत्तरी द्वीप, लैंडफॉल द्वीप में देखा गया था। टीम ने एक म्यांमारी नागरिक के साथ इंजन डिंगी को पकड़ा। संयुक्त टीम द्वारा लैंडफॉल द्वीप में जंगल में तलाशी अभियान चलाया गया तथा चार और म्यांमारी नागरिकों के साथ एक और इंजन डिंगी को ज़ब्त किया गया। उनके पास से भारी मात्रा में समुद्री ककड़ी, हिरण की खाल और अन्य जीवन रक्षक सामग्री जैसे डाइविंग ट्यूब, डीजल, सोलर पैनल और बैटरी, मोबाइल फोन, कंपास आदि बरामद किए गए। श्री विजयपुरम के अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लैंडफॉल द्वीप के जंगलों में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

**<><><><><><><>**